Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 20-11-2022 अंक 406

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### बैजलाडीह : महीनो से खराब पड़ा है जलमीनार



बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया पंचायत के बैजलाडीह में लाखों के लागत से जलमीनार का निर्माण कराया गया था। जो पिछले कई महीनों से खराब पड़ा हुआ है। जिससे लगभग 10 - 15 घर के लोग प्रभावित है। ग्रामीणों का कहना है की इस जलमीनार की पानी से लोग अपनी प्यास बुझाते थे। लेकिन अब खराब हो जाने के कारण लोगो को अपनी प्यास बुझाने के लिए पानी के लिए इधर - उधर भटकना पड़ता है। जो अभी सिर्फ शोभा की वस्तु बनकर रह गई है। हालांकि अभी ठंडा का मौसम है गर्मी के समय लोगो को पेयजल की समस्या उत्पन्न हो जायेगी। वहीं पूछे जाने पर मुखिया प्रतिनिधि मो मंसूर ने बताया की बहुत जल्द इस खराब पड़े जलमीनार को ठीक करवा दिया जाएगा। ताकि ग्रामीणों को पानी के लिए इधर उधर ना भटकना पड़े।

### नशे में धुत ट्रक चालक ने कई मवेशी को रौंदा, लोगो ने की पिटाई



बरही चौक पर बीते रात ट्रक के चपेट में आने से कई मवेशियों की मौत हो गई। जबकि कई घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक टाटा से आ रहे एक 14 चक्क ट्रक बरही चौक सड़क के किनारे बैठी मवेशियों को अपने चपेट में ले लिया। ट्रक चालक नशे में धुत था। वह मवेशियों को टक्कर मरते हुए तिलैया रोड पहुंचा। जहां स्थानीय लोगो ने वाहन को रोककर उसकी जमकर पिटाई कर दी। इससे ट्रक चालक मिथिलेश कुमार उम्र 32 वर्ष पिता किशोरी प्रसाद बिहार बख्तियारपुर निवासी को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चालक का उपचार किया गया।

# राजकीय प्राथमिक विद्यालय खुर्दजवाड़ में नही है पानी और शौचालय की व्यवस्था



खराब पड़ा शौचालय



इसी कुंआ का पानी पीते है स्कूली बच्चे

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

सरकार के तमाम प्रयासों के बाद भी सरकारी स्कूलों की मानसिकता वा और कार्यशैली में तनिक बदलाव नहीं दिख रहा है। स्कूलों में लाखों रुपए खर्च कर बनाए गए शौचालयों की स्थिति बद से बदतर हो गई है। कहीं शौचालय पूरी तरह से जर्जर है तो कहीं पानी की कमी के कारण इनकी उपयोगिता सिद्ध नही हो पा रही है। यही हाल बरही प्रखंड अंतर्गत खुर्दजवाड़ में संचालित राजकीय प्राथमिक विद्यालय की है। जहां इस विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं के लिए मूलभूत आवश्यकताओं की कमी है। जिसके अंतर्गत विद्यालय में बने शौचालयों में ना तो दरवाजे है और ना ही पीने के लिए पानी की व्यवस्था है। ऐसे में मुख्य रूप से छात्राओं को शौचालय के लिए बड़ी समस्या आ रही है। साथ ही पढ़ने वाले बच्चों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था भी नही है। ऐसे में बच्चे मूलभूत सुविधाओं के आभाव में ही शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया की विद्यालय के बच्चो के लिए जलमीनार का निर्माण किया गया था। लेकिन कुछ समय बाद ही वह बेकार हो गया। और वर्तमान में विद्यालय में खाना बनाने के लिए दूसरे के घर से जाकर पानी लाना पड़ता है। तब जाकर कहीं बच्चो के लिए खाना बन पाता है। साथ ही साथ ग्रामीणों ने बताया की बच्चे भी पानी पीने के लिए बगल में बने कुंआ पर जाते है। जिससे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है।

# दबंगो की दबंगई, ढाब सलोनिया जंगल को करवा लिया बंदोबस्ती, ग्रामीणों में आक्रोश

## बंदोबस्त जमीन को निरस्त करने के लिए ग्रामीणों ने सबधित पदाधिकारी को लिखा पत्र

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



गोविंदपुर पंचायत के ढाब सलोनिया मौजा के रैयतों ने सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी हजारीबाग को पत्र लिखकर गैरमजूरवा जमीन खाता संख्या 43 का प्लॉट नम्बर 162, 228, 235, 237, 192, 337 आदि का बंदोबस्त निरस्त करने का आग्रह किया। इस संदेर्भ मे चंदवारा प्रखण्ड में ढाब के ग्रामीणों ने लिखित आवेदन देकर बताया कि 15 से 20 वर्ष पहले हुए सर्वे में ढाब के सभी रैयतों ने आपसी सहमति से ढाब सलोनिया स्थित सर्वाजनिक व निजी जमीन पर पेड़ पौधा लगाकर जंगल तैयार कर दिया थे, जो अभी भी कायम है। जंगल लगाने से पहले ढाब के ग्रामीण ढाब सलोनिया मौजा में समस्त ढाब के ग्रामीण जोतकार थे। बताया आज तक सभी रैयत ढाब व सलोनिया के निजी व सरकारी जमीन का लगान साल दर साल आज तक दे रहे है। ढाब सलोनिया बेचिरागी मौजा होने के कारण उक्त मौजे का मालिकाना हक ढाब के समस्त ग्रामीणों को सरकार द्वारा रसीद कटवा कर दिया गया है। घना जंगल होने के कारण ग्रामीण जोत कोड नही कर रहे है। ग्रामीणों ने बताया कि नई सर्वे 2017 - 18 में अपने ही ग्राम ढाब के कुछ दबंग प्रवित्ति के कुछ गिने चुने लोगों ने भूमि निबंधन कार्यालय के पदाधिक.ारियों व कर्मियों के मिलीभगत से अपने अपने परिवार के नाम से निबंधन करवा लिया और रात के अंधेरे में जेसीबी लगवाकर जंगल उखाड़ कर ट्रेन कटवा लिया है। कहा समस्त ग्रामीणों के जमीन को 10 से 12 परिवार के लोग 20 से 25 एकड़ के मालिक हो गए और बाकी ग्रामीण भूमिहीन हो जा रहे है। इस संदर्भ में रैयत सरयू यादव ने कहा कि अगर निबन्धित जमीन निरस्त नही हुवा तो समस्त ग्रामीण आंदोलन को मजबूर होंगे।




डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## द आरसीआई में क्विज एवं खेल प्रतियोगिता का आयोजन, बच्चों ने लिया बढ़-चढ़कर भाग

### कंप्यूटर क्विज प्रतियोगिता में टीम सोहराब बना विजेता

### विद्यार्थियों का हार कर भी जीतने का जज्बा रखना चाहिए : निदेशक राकेश रोशन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही हजारीबाग रोड पानी टंकी के नजदीक संचालित रोशन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट में क्विज एवं खेल का आयोजन किया गया। जहां कंप्यूटर एवं कंपटीशन के बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपना अपना योगदान दिया। यह प्रतियोगिता बाल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। जिसमें कंप्यूटर से संबंधित क्विज प्रतियोगिता, वर्ड पासिंग, बूझो तो जाने, मटर उठाओ प्रतियोगिता एवं चम्मच-बॉल रेस शामिल थे। कंप्यूटर क्विज में चार टीमों ने भाग लिया। जिसमें टीम सैनिक, टीम अंशु, टीम नन्दनी एवं टीम सोहराब शामिल थे। क्विज दो राउंड में हुआ। पहला राउंड में दो टीमों ने क्वालीफाई किया एवं दो डिसक्वालिफाई हो गए परन्तु चारों टीमों ने अपना बेहतर योगदान दिया। दूसरे राउंड के लिए टीम सोहराब एवं टीम नन्दनी ने क्वालीफाई किया। दूसरे राउंड में टीम सोहराब ने 1 प्वाइंट से बढ़त बनाकर टीम नंदिनी से विजय प्राप्त किया। बता दें कि टीम सोहराब में मो. सोहराब, मो. हसनैन, उदय पंडित, शुभम कुमार, कशिश प्रवीण, ललिता कुमारी, प्रियांशु गुप्ता, स्वीटी कुमारी एवं वैशाली कुमारी शामिल थी। जबकि टीम नन्दनी में नन्दनी साहनी, अभिषेक चंद्रवंशी, मनीषा कुमारी, प्रदीप पंडित, संजीव कुमार, रोशलेट निर्मला, सोनाली कुमारी, तन्नू कुमारी, अनिल यादव शामिल थे। वहीं वर्ड पासिंग टीम ए एवं टीम बी शामिल थे यह पांच राउंड में हुआ जिसके विजेता टीम बी रही। चेयर रेस तीन राउंड में हुआ जिसके विजेता मनीषा, प्रियांशु एवं प्रियंका रही। बूझो तो जानो प्रतियोगिता में दो टीमें कंप्यूटर बनाम कंपीटिशन ने भाग लिया जो कि ड्रॉ रहा। मटर उठाओ प्रतियोगिता चार राउंड में हुआ जिसके विजेता विवेक, मनीषा, प्रदीप एवं प्रियंका रही। चम्मच ब०ल रेस तीन राउंड में हुआ जिसके विजेता पूनम, शम्मा एवं सत्यम रहे। मौके पर संस्थान के शिक्षक अंकित चंद्रवंशी एवं दर्जनों बच्चे-बच्चियां शामिल थी।संस्थान के निदेशक राकेश रोशन ने बच्चों को हौसला अफजाई करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अपने जीवन में कई बार जीत एवं हार का सामना करना पड़ता है, परंतु असली खिलाड़ी हुई है जो प्रत्येक स्थितियों में हार कर भी जीतने का जज्बा रखता हो। खेत में हार-जीत होता रहता है परंतु खेल को खेल भावना के साथ खेलना चाहिए। इसके साथ ही विजेता एवं उपविजेता सहित अन्य सभी प्रतिभागियों को बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी।साथी शिक्षक अंकित चंद्रवंशी ने सभी बच्चों को उज्जवल भविष्य की बधाई एवं शुभकामनाएं दी विजेता एवं उपविजेता टीम को मेडल देकर सम्मानित किया गया

## केदारूत पंचायत में टीएसएस का हुआ विस्तार, प्रदीप दास बने अध्यक्ष

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत केदारूत पंचायत में रविवार को टीएसएस का पंचायत स्तरीय कमिटी का गठन किया गया। जहां अध्यक्ष प्रदीप कुमार दास, प्रभारी किशोर कुमार दास, संयोजक डब्लू साव उपाध्यक्ष राजेश भारती, मनोज यादव, सोनू रविदास, पंकज कुमार यादव, साबिद अंसारी, गुलाम अंसारी, अशोक कुमार दास एवं इजराइल अंसारी, कोषाध्यक्ष सेराज अंसारी, प्रधान महासचिव मुंशी ठाकुर, महासचिव अलाउद्दीन अंसारी एवं अजय कुमार दास, कैलाश भुइयां एवं छोटी भुइयां, सचिव निजाम अंसारी एवं कार्यसमिति सदस्य के लिए नागेश्वर साव, सरजू साव एवं गोविंद साव का चयन किया गया। मौके पर प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा, प्रकाश दास, प्रधान महासचिव विष्णुधारी महतो, प्रवक्ता छोटी राम एवं मीडिया प्रभारी बबलू साव सहित दर्जनों अन्य लोग मौजूद थे।

## चंदवारा पश्चिमी मुखिया ने किया अपने क्षेत्र में कंबल वितरण

**अपेम लाइव चंदवारा**
**श्रीकांत पांडेय**



कोडरमा चंदवारा पश्चिमी पंचायत सचिवालय भवन में माननीय मुखिया श्री संतोष कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में कंबल वितरण किया गया जिसमें दर्जनों असहाय के बीच पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों के बीच कंबल वितरण किया गया इस मौके पर उपस्थित उप मुखिया बसंती देवी पंचायत सचिव मुकेश कुमार दास और सभी वार्ड सदस्यों की देखरेख में कंबल वितरण किया गया वार्ड सदस्यों में बबलू कुमार नीतू कुमारी रतन पासवान तथा नंदू शर्मा संदीप कुमार एवं सभी लाभुक और ग्रामीण मौके पर उपस्थित रहे

## झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन के पदाधिकारियों ने बरही का किया दौरा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन के पदाधिकारियों ने रविवार को बरही प्रखंड का दौरा किया। जिसमें मुख्य रुप से झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन के अध्यक्ष विनोद भगत, उपाध्यक्ष छोटे लाल साहू एवं संगठन मंत्री मधुसुधन मेहता शामिल रहे। वहीं बरही निजी विद्यालय संघ के सदस्यो ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। वहीं आगामी आठवीं बोर्ड की परीक्षा पर विचार किया गया तथा वर्तमान में जितने भी विद्यालय यू डाइज कोड को फुल फील कर रहे हैं सभी स्कूलों को नवोदय का फॉर्म भरने के लिए पात्रता दे। जिन स्थानों पर पहले ही 3 किलोमीटर के रेंज में हाई स्कूल है वहां पुनः किसी भी स्कूल को हाई स्कूल में अपग्रेड सरकार ना करें। बैठक में मुख्य रूप से निजी विद्यालय संघ बरही के अध्यक्ष मिथिलेश यादव, सचिव नितेश कुमार, उप सचिव दिनेश यादव, उपाध्यक्ष सुनील कुमार दत्ता, कोषाध्यक्ष बासुदेव साव, सुधीर चंद्रा, कमलेश यादव, विजय यादव, शंकर एवं अनुज प्रजापति मुख्य रूप से मौजूद थे।

## भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण का कर्णपुरा महाविद्यालय में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव कर्णपुरा महाविद्यालय के प्रांगण में प्रेरणा रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी एवं भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) की ओर से टेलीफोन उपभोक्ताओं के लिए एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।उद्घाटन प्राचार्य कृतिनाथ महतो, पूर्व प्राचार्य ज्योति जलधर, प्रेरणा रूरल डेवलपमेंट के सचिव सहदेव महतो, इतिहास विभाग के सुरेश महतो आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया । इस अवसर पर सोसाइटी के सचिव सहदेव महतो ने उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए किसी भी तरह से ठगी से बचने के उपाय बताया । उन्होंने अनचाहे कॉल से डीएनडी 2.0 एप के द्वारा कैसे बचा जाए।अगर किसी टेलीफोन कंपनी का सिम आपके क्षेत्र में काम नहीं कर रहा हो और आप क०ल करने में परेशानी महसूस करते हैं तो आप किसी दूसरे टेलीफोन कंपनी में पोर्ट एमएनपी कर सकते हैं। टावर लगाने के नाम पर क्षेत्र में ठगी करने वालों से बचने के अलावा कई महत्वपूर्ण जानकारियां लोगों को दी।प्राचार्य कृति नाथ महतो ने विद्यार्थियों को बताया कि मोबाइल से होने वाली ठगी से हमें बचने की जरूरत है ।पूर्व प्राचार्य ज्योति जलधर ने बताया कि एक समय मैं भी ठगी का शिकार होने से बचा। इसलिए आप भी जानकार बने और सुरक्षित रहे।प्रोफेसर सुरेश महतो ने बताया कि आप अपना व्यक्तिगत जानकारी कभी किसी से साझा नहीं करें।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रोफेसर निरंजन प्रसाद नीरज, प्रोफेसर सरफुद्दीन, प्रोफेसर अनु कुमारी, प्रोफेसर ललिता कुमारी, राजेंद्र प्रसाद, नागेश्वर महतो, संदीप प्रसाद सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## अवैध देशी शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



**अपेम लाइव : संतगांवा**



सतगावां थाना क्षेत्र ग्राम खैरा से पुलिस ने रविवार को सुबह6 बजे देशी शराब के साथ एक तस्कर को किया सतगावां पुलिस ने अवैध देशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार कर उत्पाद विभाग को सौंपा गया। गिरफ्तार व्यक्ति कि पहचान बिहार राज्य के नवादा जिले के अकबरपुर थाना क्षेत्र के पप्पू साव 33 वर्ष पिता मेवालाल साव बताया गया है। पुलिस को गुप्त सूचना के आधार कारवाई की गई है। गुप्त सूचना पर एक व्यक्ति को प्लास्टिक के बोरे में सर्च के दौरान 180 एमएल के 60 पीस टंच ब्रांड के देशी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उत्पाद विभाग को सुपुर्द कर दिया गया थाना प्रभारी अनंत कुमार साह ने बताया कि शराब को लेकर छापेमारी अभियान लगातार जारी रहेगी।

APEM
LIVE

## गौरियाकरमा में कांग्रेस की पंचायत स्तरीय बैठक सम्पन्न, मनोज कुमार बने अध्यक्ष व मो क्यूम अंसारी बने सचिव

### 4 दिसम्बर को पंचायत में निकाली जाएगी भारत जोड़ो यात्रा, पार्टी के विचारों को जनजन तक पहुंचाना है लक्ष्य

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के तहत रविवार को बरही प्रखण्ड के गौरियाकरमा पंचायत में कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी की अध्यक्षता में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से मनोज कुमार को पंचायत का अध्यक्ष व मो क्यूम अंसारी को सचिव बनाया गया। इस दौरान कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि 4 दिसम्बर को पूरे पंचायत में भारत जोड़ो यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जहां कांग्रेस पार्टी के विचारों को जनजन तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी नहीं, बल्कि एक सोच और विचारधारा है। कांग्रेस पार्टी की सोच और विचार धारा को आगे बढ़ाने के लिए हम सब को प्रतिबद्घ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पहले देश को धर्म के नाम पर बांटा और अब जात-पात के नाम पर बांट रही है, जबकि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा निकालकर लोगों को जोडने का काम कर रहे हैं, कोई विपक्षी नेता ऐसा नहीं जो पांच महीने सड़कों पर कन्याकुमारी से लेकर जम्मू कश्मीर तक पैदल यात्रा कर सके, यह केवल राहुल गांधी ही कर सकते हैं। मौके पर मंडल अध्यक्ष रघुवीर यादव, मनोज कुमार, महेश यादव, मो मनौवर, मो सेराज, मो शमीम, मो क्यूम अंसारी, मो हकीम अंसारी, राजेश कुमार वर्मा, बिनोद कुमार, रवि कुमार, सकलदेव पांडेय, कैलाश यादव, सुरेश प्रसाद कुशवाहा, दिनेश कुशवाहा, शैलेष यादव, विक्रम यादव, राजकुमार यादव, पम्मी देवी, मनी राज, मो कलाम, मो एजाज, मो रिजवान, मो साजिद, हरि प्रसाद यादव, मो मजीद अंसारी, सुरेश यादव सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## मानव तस्करी रोकथाम को लेकर कानूनी जागरूकता प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**




प्रखंड के कुसुम्भा पंचायत अंतर्गत अलखरी खुर्द में रविवार को मानव तस्करी रोकथाम कार्यक्रम के तहत जिलास्तरीय कानूनी जागरूकता प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में लोगों को बाल मजदूरी, बाल विवाह, महिला एवं बाल व्यापार की रोकथाम हेतु कानूनी जागरूकता दी गई। कार्यशाला में हजारीबाग जिले के अलखरी कला, चनारो, धमन सरिया, लोठे, अलखरी खुर्द, जम्बुवा, डूमरडीहा, चुरचू समेत कई गांवों के निगरानी समिति के दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यशाला को संबो. धित करते हुए अधिवक्ता ओशिता कृतिरंजन ने कहा कि मानव तस्करी, बाल विवाह की रोकथाम को लेकर कठोर कानून का प्रावधान है। अपने आसपास यदि इसका उल्लंघन होता है तो निगरानी समिति के कार्यकर्ता या स्थानीय थाना में इसकी सूचना दे सकते हैं। कार्यशाला में प्रोजेक्टर कोऑर्डिनेटर सुरेश कुमार, कुसुंभा पंचायत मुखिया दुलारचंद पटेल, अधिवक्ता नेहा अंजू, एनिमेटर राजाराम बेसरा, सोहन हांसदा समेत कई लोग शामिल थे।




## पूर्व विधायक ने एके वस्त्रालय का उदघाटन किया

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**




बरकट्ठा : प्रखंड क्षेत्र के ग्राम घंघरी मोड स्थित एके कलेक्शन वस्त्रालय का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, झुरझुरी मुखिया सुमन कुमार, उप प्रमुख प्रतिनिधि उतिम महतो, कोनहरा खुर्द मुखिया प्रति. निधि बिरेन्द्र कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि घंघरी मोड़ मे नए डिजाइन के कपड़े व कलेक्शन एके कलेक्शन दुकान में उपलब्ध होगी इस दुकान के शुभारंभ से स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा ।ग्राहकों को दूर शहरों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वहीं एके कले. क्शन के मालिक कुलदीप प्रसाद ने कहा ग्राहकों के लिए उचित मूल्य पर सभी कलेक्शन कंपनियों का कपड़े उपलब्ध है। दुकान में मेंस वियर ,गर्ल्स वियर एवं किड्स वियर के परिधान उपलब्ध हैं। मौके पर जानकी प्रसाद यादव,उप प्रमुख प्रतिनिधि उतिम महतो,मुखिया प्रतिनिधि बिरेंद्र शर्मा, झुरझुरी मुखिया सुमन कुमार, राजकुमार चौधरी, डिल्लू गुप्ता, सिकंदर प्रसाद,राजकुमार प्रसाद, अजय प्रसाद,राजेश कुमार, सूरज कुमार, समाजसेवी मनोज कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## विहिप ने हितचिन्तक अभियान चलाया

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**



बरकट्ठा प्रखण्ड क्षेत्र में विश्व हिंदू परिषद की महत्वकांक्षी हितचिन्तक अभियान बरकट्ठा में पूरे जोर शोर से जारी है इस अभियान की अगुवाई कर रहे विहिप के प्रखण्ड अध्यक्ष संजय यादव ने जानकारी दी है कि इस अभियान के माध्यम से पूरे देश मे सभी परिवारों के बीच संगठन के कार्यो की जानकारी देना व संगठित करने की महत्वपूर्ण उधेश्य है ज्ञात हो इस अभियान के माध्यम से बरकट्ठा के प्रत्येक घरों से सम्पर्क कर उन्हें संगठन के उद्देश्य की जानकारी देकर मदद देना व लेना है मतलब परस्पर सहयोग कर समाज को नई दिशा प्रदान करना है इस अभियान के दौरान प्रखण्ड प्रमुख उमेश चौधरी, समा. जसेवी धीरेंद्र कुमार पांडेय, अरुण मोदी, शंकर मोदी, अर्जुन मोदी से संपर्क कर विहिप के हितचिन्तक अभियान से जोड़ा गया ।मौके पर टोली के संजय यादव धीरज गुप्ता, दीपक राणा, सत्यम भारती, विनोद प्रसाद, पिंटू कुमार, अमित अग्रहरी समेत बड़ी संख्या में विहिप के सदस्य शामिल थे ।

## शिक्षक को मातृ शोक पूर्व विधायक ने सांत्वना दिया

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**



बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा डीह निवासी शिक्षक उमेश राम की माँ बालेश्वरी देवी का निधन कल हो गयी इसकी सूचना मिलते ही पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने परिजनों से मिलकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त किए। पूर्व विधायक ने मृत आत्मा को शांति मिले इसकी कामना भगवान से किए ।मौके पर मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव, महेश मंडल, संजय कुमार, शम्भू यादव,समाजसेवी धनेश्वर यादव, सुरेश राम, महेश राम, मनोज राम, संदीप कुमार, रुस्तम खान समेत बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

## फागू बेसरा को मंत्री का दर्जा दिए जाने पर जेसीएमयू ने स्वागत किया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : झारखंड राज्य समन्वय समिति का झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद पूर्व सीएम शिबू सोरेन के नेतृत्व गठन किया गया । जिसमें झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव फागु बेसरा को मंत्री का दर्जा दिया गया । जिसका कार्यकाल 3 वर्ष तक होगा। जिसे लेकर झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के सदस्य एवं झामुमो के पदाधिकारी गन ने फागु बेसरा से मुलाकात कर उन्हें बुके देकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके उपस्थित जेसीएम यू के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय सिंह, मोहम्मद साबिर हुसैन ,सचिव गुड्डू राम एवं कोषाध्यक्ष मोहम्मद सफी उल्लाह अंसारी ,प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइँया आदि उपस्थित थे।

## वर्ग दशम की बच्चियों के लिए एनबीजेके ने किया निःशुल्क कोचिंग की शुरुवात

### ग्रामीण क्षेत्र के गरीब बच्चियों के लिए वरदान साबित हो रहा है कोचिंग : शिक्षक

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



दशवी वर्ग के छात्राओं के लिए नव भारत जागृति केंद्र बहेरा चौपारण ने निःशुल्क कोचिंग का शुरुवात किया। पहले फेज में संस्थान ने 10 स्थानों पर कोचिंग की शुरुवात किया है जिसमे गरीब बच्चियों को गणित, विज्ञान व अंग्रेजी की शिक्षा दिया जा रहा है। इस संदर्भ की जानकारी देते हुए प्रबंधक बिरेन्द्र सिन्हा ने बताया हमारे संस्था संस्थापक गिरजा सतीश जी के दुर्गामी सोच का परिणाम है कि गरीब बच्चियो को निःशुल्क शिक्षा दिया जा रहा है। बताया कि एसबीआई जेनरल इन्सुरेंस के वित्तिय सहयोग से कोचिंग का संचालन किया जा रहा है जिसमे प्रखण्ड के लगभग 400 बच्चियां रेमेडियल कोचिंग सेंटर में शिक्षा ग्रहण कर रही है। अमौली अपूर्वा उच्च विद्यालय मानगढ़, कस्तूरबा बालिका आवासीय उच्च विद्यालय मानगढ़, बिरसा उच्च विद्यालय डुमरी, विश्वकर्मा बालिका उच्च विद्यालय पाण्डेयबारा, प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय पपरो, कन्या मध्य विद्यालय चौपारण, उच्च विद्यालय इंगुनिया, चंद्रकला डागा उच्च विद्यालय केवलिया आदि केंद्रों कोचिंग संचालित है। कार्यक्रम कॉर्डिनेटर सना. उल्ला अंसारी ने बताया कि दो घंटे का प्रतिदिन हमारे शिक्षको द्वारा बच्चो को पढ़ाया जाता है। शिक्षक शशि भूषण सिंह, किशोर राणा, लोकेश सिंह, पूजा कुमारी आदि ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चियों जो पढ़ाई से वंचित थी उनके लिए ये कोचिंग वरदान साबित हो रहा है। कोचिंग खुलने से छात्राओं में खुशी की लहर है। बच्चो ने एनबीजेके व एसबीआई जेनरल इन्सुरेंस के प्रति आभार प्रकट किया।

## मतदाता पुनर्निरीक्षण कार्य का बीडीओ ने किया निरीक्षण, अनुपस्थित बीएलओ को फटकार

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**




निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार मतदाता सूची संक्षिप्त पुनिरिक्षण कार्यक्रम के तहत रविवार को विशेष अभियान चलाकर मतदाता सूची में नाम जोड़ा गया व आपत्ति अनापत्ति कार्यो का निष्पादन किया गया। मतदाता पुनर्निरक्षण कार्यो का निरीक्षण बीडीओ प्रेमचंद सिन्हा सभी बूथ पर जाकर किया। निरीक्षण के क्रम में लगभग बूथों पर बीएलओ अपने अपने कार्यो को निष्पादित करते दिखे। निरीक्षण के दौरान तीन बूथों पर बीएलओ अनुपस्थित पाए गए जिसपर बीडीओ ने तीनों को फटकार लगाया। अनुपस्थित तीनो बीएलओ बच्छई पंचायत के है जिसमे मतदान केंद्र संख्या 131 सामुदायिक भवन डुमरी के बीएलओ कुमारी आशा गुप्ता, दूसरा मतदान केंद्र सख्या 132 प्राथमिक विद्यालय मलिकाना के बीएलओ मंजू कुमारी, तीसरा मतदान केंद्र सख्या 134 नव प्राथमिक विद्यालय सेवई के बीएलओ रेवंती देवी शामिल है। बीडीओ ने 18 वर्ष पूर्ण कर रहे युवाओं से आग्रह किया कि आप अपना नाम मतदाता सूची में जरूर जोड़वा ले ताकि आने वाले चुनाव में अपने मतों का प्रयोग कर सके।

## मुखिया ने विस्थापन मुद्दे को लेकर चेपाकला गांव में ग्रामीणों के साथ की बैठक

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : चेपाकला पंचायत अंतर्गत ग्राम चेपाकला मे पंचायत के मुखिया अनिकेत कुमार नायक की अध्यक्षता मे एनटीपीसी के द्वारा विस्थापन होने को लेकर होने वाले घर मापी व विस्थापन को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमे यह प्रस्ताव पारित किया गया की कंपनी पुरे गांव के साथ बातचीत करे , और सही विस्थापन मुआवजा दे साथ ही जिस दिन परिवार को विस्थापन करता है उस दिन 18 वर्ष या उस से अधिक उम्र हुए परिवार के सभी लोग को एकल परिवार मानते हुए मुआवजा राशी देना सुनिश्चित करे। बैठक मे उपस्थित वार्ड सदस्य सुनिल कुमार व बिनोद कुमार, खेमानी साव, दिलेश्वर महतो,बिजू महतो,दिलीप नायक,निनकु भुइया,भोला महतो, सागर करमाली के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## विष्णुगढ़ में भारत जोड़ो यात्रा के तहत कांग्रेस ने निकाली रैली

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



रविवार को कांग्रेस की पदयात्रा कार्यक्रम में शामिल कांग्रेस कार्यकर्ता

भारत जोड़ो यात्रा को लेकर रविवार को प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में रैली निकाली गई। इसकी शुरुआत गांधी स्मारक में स्वतंत्रता सेनानी नोखी राय के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। प्रखंड अध्यक्ष रामजन्म राय ने नेतृत्व में पदयात्रा कार्यक्रम बौलियागंज, अंबेडकर चौक, अखाड़ा चौक, ह०स्पिटल चौक होते हुए सातमील मोड़ पहुंचकर समापन हुआ। बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के मांडू विस प्रभारी संजय लाल पासवान ने कहा देश में सांप्रदायिक शक्तियां पूर्ण रूप से हावी हैं। देश को तोड़ने का काम किया जा रहा है। लोगों में सामाजिक दूरियां देश की एकता और अखंडता के लिए खतरा है। ऐसी परिस्थिति में देश एवं समाज को जोड़ने की जरूरत है। कांग्रेस पार्टी इस दिशा में काम कर रही है। विशिष्ट अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष अवधेश सिंह ने कहा कि कांग्रेस सिर्फ पार्टी नहीं एक परिवार की तरह है। राहुल गांधी देश को एक सूत्र में पिरोने को लेकर की भारत जोड़ो यात्रा कर रहे हैं। देश में नफरत की राजनीति को खत्म कर सद्भावयुक्त समाज का निर्माण पार्टी का लक्ष्य है। इसमें सभी की भागीदारी की जरूरत है। मौके पर जिला उपाध्यक्ष मकसूद आलम, विशेश्वर स्वर्णकार, जिला प्रवक्ता मुकेश कुमार यादव, डॉ पुरियार, युवा प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार, सुरेंद्र मिश्रा, लक्ष्मी देवी, नीलू देवी, जगदीश बर्मन, नरेश सिंह, मिथिलेश शर्मा, कमल रविदास, छक्कू स्वर्णकार, शिवप्रसाद लाहकार, दिलेश्वर सोनार, जगदीश रजक समेत कई कार्यकर्ता शामिल थे।




## सदर एस डी ओ चतरा ने किया कान्हाचट्टी प्रखण्ड में मतदाता पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण

### प्रत्येक बी एल ओ 150 नए मतदाता को जोड़ें : मुमताज






**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी : रविवार को सदर अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी ने कान्हाचट्टी प्रखण्ड में चल रहे मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत अनुमंडल पदाधिकारी चतरा के द्वारा कान्हाचट्टी प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने उ.म.वि.बकचुम्बा (मतदान केंद्र संख्या 423 एवं425) उ. प्रा. वि. हरिजन टोला बाराबागी (मतदान केंद्र संख्या 422) , उ. म. वि.जोरी ( मतदान केंद्र संख्या 419 एवं 420), उ.उ.वि. डुमरी बा. राबागी (मतदान केंद्र संख्या 421) उ.म.वि. कादे (मतदान केंद्र संख्या411 एवं 412) का औचक निरीक्षण किया । तथा खराब प्रदर्शन करने वाले बीएलओ को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर कम से कम 150 नए मतदाता का पंजीकरण करना सुनिश्चित करें अन्यथा उनपर विभागीय कार्यवाही की जायेगी। इस कार्य में कर्तव्यहीनता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कुछ मतदान केंद्रों के निरीक्षण के पश्चात अनुमंडल पदाधिकारी ने स्वयं ग्रामीणों से संपर्क स्थापित किया और शीघ्र ही मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने हेतु बीएलओ से संपर्क करने को कहा। इस अवसर पर प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी सतीश कुमार , सुपरवाइजर देवनंदन पासवान तथा अन्य उपस्थित थे।